# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी | कक्षा : छठी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | **संसार पुस्तक है** | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | ------------------------------------- | **पूर्णांक :** | |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | .............. | **दिनांक :** | 22/08/ 2023 |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें| 3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्र. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प को चुनकर लिखिए |**

तुम इतिहास की किताबों में ही हो। लेकिन पुराने ज़माने में तो आदमी पैदा ही न हुआ था, किताबें कौन लिखता? तब हमें उस जमाने की बातें कैसे मालूम हों? यह तो नहीं हो सकता कि हम बैठे-बैठे हर एक बात सोच निकालें। यह बड़े मजे की बात होती, क्योंकि हम जो चीज़ चाहते सोच लेते और सुंदर परियों की कहानियाँ गढ़ लेते। लेकिन जो कहानी किसी बात को देखे बिना ही गढ़ ली जाए वह ठीक कैसे हो सकती है? लेकिन खुशी की बात है कि उस पुराने ज़माने की लिखी हुई किताबें न होने पर भी कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे हमें उतनी ही बातें मालूम होती हैं जितनी किसी किताब से होतीं। ये पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और इसी तरह की और भी कितनी ही चीजें हैं, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उनका हाल जानना सीख जाओगी।

**1. हम इतिहास को कैसे जान सकते हैं। उपयुक्त कथन का चयन करें** 1

(क) सिर्फ इतिहास की पुस्तक पढ़कर

(ख) नदियों और जंगलों से

(ग) जानवरों की पुरानी हड्डियों से,व किताबें पढ़कर

(घ) विकल्प ख व ग दोनों सही है

**2. बिना किसी को देखे गढ़ी गयी कहानी कैसी होती** 1

(क) एकदम सच्ची (ख) एकदम झूठी (ग) काल्पनिक (घ) यथार्थ

**3. दुनिया का हाल जानने का असली तरीका क्या** 1

(क) अच्छे स्कूल में एडमिशन लें

(ख) सिर्फ पुस्तकें पढ़े

(ग) मोबाइल से विडियो देखें

(घ) संसार रूपी पुस्तक को पढ़कर

**4. उक्त गद्यांश के लेखक कौन है** 1

(क) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(ख) लाल बहादुर शास्त्री

(ग) इंदिरा गाँधी

(घ) इनमें से कोई नहीं

**5. निम्न में से प्रकृति से जुडी चीजें हैं -** 1

(क) मोबाइल, स्कूल, पुस्तक

(ख) नदियाँ, पहाड़,समुद्र, सितारें

(ग) इंटरनेट, हवाई जहाज, मिसाइल

(घ) केवल विकल्प ख

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. बहुवचन ये युक्त शब्द समूह का चयन करें** 1

(क) नदियाँ, पहाड़ों किनारें

(ख) कांटा, रस, पुस्तक

(ग) रोड़ा, किताब बात

(घ) इनमें से कोई नहीं

**7. <u>नदी</u> का समानार्थी शब्द है** 1

(क) दरिया

(ख) नाव

(ग) लहर

(घ) तरंग

**8. चमक शब्द में इला प्रत्यय लगाने से चमकीला शब्द का निर्माण हुआ है उसी प्रकार 'इला' प्रत्यय से बने शब्द है -** 1

(क) धकेलना, गीला ,गिरना

(ख )मैला, महंगा, रसगुल्ला

(ग) पथरीला, कंटीला, रसीला

(घ) इनमे से कोई नहीं

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. लेखक का अपनी पुत्री को पत्र लिखने के पीछे क्या उद्देश्य रहा होगा ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

egyanarchive

**10. आप प्रकृति की किन किन चीजों का अवलोकन करते है जिससे आप इतिहास जान सकें?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

**11. आपकी पसंदीदा पुस्तक कौनसी है और क्यों है?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

**12. 'संसार पुस्तक है' पाठ में लेखक ने किन-किन शहरों व देशों का जिक्र किया है ? नाम लिखें|** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. पुरानी दुनिया या दुनिया के बनने बिगड़ने से सम्बंधित बचपन से अनेक कहानियां सुनते आ रहे है । आप भी अपने अनुभव के आधार पर रोचक कहानी लिखें ?** 4

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **1.** | **अवबोध** | उत्तर:- [घ] विकल्प ख व ग दोनों | 1 |
| **2.** | **संज्ञानात्मक** | उत्तर:- [ग] काल्पनिक | 1 |
| **3.** | **संज्ञानात्मक** | उत्तर:- (घ) संसार रूपी पुस्तक को पढ़कर | 1 |
| **4.** | **ज्ञानपरक** | उत्तर:- (क) पंडित जवाहरलाल नेहरू | 1 |
| **5.** | **पूर्वज्ञान** | उत्तर:- (ख) नदियाँ ,पहाड़ ,समुद्र ,सितारें | 1 |
| | | (भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| **6.** | **खोजपरक** | उत्तर:- (क) नदियाँ ,पहाड़ों किनारें | 1 |
| **7.** | **खोजपरक** | उत्तर:- (क) दरिया, | 1 |
| **8.** | **रचनात्मक** | उत्तर:- (ग) पथरीला ,कंटीला ,रसीला | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| **9.** | **अवबोध** | उत्तर:- छात्र अपने विवेक से उत्तर लिखेंगे | 2 |
| **10.** | **विचारोभिव्यक्ति** | उत्तर:- छात्र अपने विवेक से उत्तर लिखेंगे | 2 |
| **11.** | **पूर्वज्ञान ,विचारोभि** | उत्तर:- छात्र अपने विवेक से उत्तर लिखेंगे | 2 |
| **12.** | **खोजपरक** | उत्तर:- इस पाठ में लेखक ने मसूरी ,इलाहाबाद ,हिंदुस्तान ,इंग्लैण्ड आदि स्थानों का जिक्र किया है | | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| **13.** | **पूर्वज्ञान, विचारोभिव्यक्ति, रचनात्मक** | उत्तर:- छात्र अपने अनुभव से उत्तर लिखेंगे | 4 |
| | | | |

egyanarchive